

# नगर निगम सोलन
## संकल्प पत्र



**7 अप्रैल 2021 को होने वाले**
**सोलन नगर निगम चुनावों के लिए**



भाजपा का

# संकल्प पत्र

**कमल का बटन दबा कर भाजपा को**
**सफल बनाएं**

- यह विश्वास दिलाना चाहते हैं कि सोलन में सम्मिलित नए ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकारों को पूर्ववत् सुरक्षित रखेंगे एवं उनका सम्पूर्ण विकास करेंगे।
- सोलन को स्वच्छ हरा भरा नगर बनाएंगे– 'Clean Solan Green Solan' का सपना साकार करेंगे।
- भ्रष्टाचार मुक्त बेहतर प्रशासन देते हुए सोलन का सर्वांगीण विकास हमारा लक्ष्य है।
- नगर निगम क्षेत्र के लिए नई पेयजल योजना बनाई जायेगी।

# भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश

## सोलन नगर निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए सकंल्प पत्र।
## भाजपा ने सोलन को नगर निगम बनाया है। भाजपा ही सोलन का सम्पूर्ण विकास करेगी।

1.माँ शूलिनी का नगर सोलन अपनी भौगोलिक स्थिति वातावरण एवं अपनी विशिष्ट संस्कृति के कारण लोगों को बरबस ही आकर्षित करता है। जो सोलन में एक बार आता है वह यहां का स्थाई निवासी हो जाता है। सोलन हिमाचल प्रदेश का एकमात्र ऐसा नगर जो Cosmopolitian शहर है जहां अनेक प्रांतों व प्रदेश के प्रत्येक जिला से आकर यहाँ अपने स्थाई घर बनाए हुए हैं। हिमाचल का सबसे तेज गति से बढ़ने वाला नगर सोलन अनेक प्रकार के दबाव महसूस कर रहा है। बढ़ती आबादी के कारण जल प्रबन्धन, ट्रैफिक प्रबन्धन, स्वच्छता प्रबन्धन, सीवरेज व्यवस्था, पार्क, पार्किंग, पैदल पथ, एम्बूलैंस रोड़ आदि इन सभी सुविधाओं को जुटाने हेतू भाजपा की वर्तमान सरकार जो कि **श्री जय राम ठाकुर जी के नेतृत्व में चल रही है ने सोलन को नगर निगम का दर्जा दिया** ताकि सोलन शहर का सम्पूर्ण विकास हो सके। सोलन में भाजपा सरकारों ने समय-समय पर अनेक महत्वपूर्ण कार्यों को किया। भाजपा सरकार द्वारा अश्वनी नदी से पेयजल योजना का सम्वर्धन 1990-1992 में किया। सोलन की वाहन व्यवस्थाओं में व आवगमन व्यवस्थाओं में सुधार किया। वर्ष 2008 में भाजपा सरकार द्वारा ही सोलन को गिरी पेयजल योजना का तोहफा दिया गया। वर्ष 2002 में सब्जी मंडी का सबसे बडा उपहार देकर जहां किसान का विकास किया वहां सोलन का सर्वागींण विकास हुआ। कुमार-हट्टी बाई पास का निर्माण, सोलन बस अड्डा का निर्माण, छोटी बडी अनेकों सडकों का निर्माण, शामती व ऑंजी बाईपास के निर्माण कार्य का प्रारम्भ, सोलन अस्पताल का विस्तार जैसे अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है जो भाजपा सरकारों द्वारा किए गए और अब पुनः सोलन को नगर निगम का दर्जा देकर सोलन को नई ऊँचाईयों पर ले जाने का प्रयास भी भाजपा सरकार ने ही शुरू किया है।

- निगम प्रशासन को गरीब व्यक्ति, सामान्य व्यक्ति के प्रति संवेदनशील बनाते हुए हर व्यक्ति की सुविधाओं में इजाफा करेंगे। (सबका साथ - सबका विकास - सबका विश्वास हमारा मूलमंत्र है)
- हर घर को स्वच्छ पानी पर्याप्त मात्रा में प्रतिदिन उपलब्ध करवाया जाएगा।
- सोलन शहर के हर घर को सीवरेज व्यवस्था से जोड़ा जाएगा।
- घरों के पानी व बरसात के पानी की सम्पूर्ण निकासी का प्रबन्ध किया जाएगा।
- बिजली की व्यवस्था एवं विद्युत के आधारभूत ढांचे को सुदृढ किया जाएगा।
- हर मोहल्ले में स्ट्रीट लाईटों का प्रावधान किया जाएगा।
- हर वार्ड में सामुदायिक पार्किंग का निर्माण करते हुए सडकों को वाहनों से मुक्त करवाया जाएगा।
- समस्त रास्तों एवं सडकों के निर्माण की गुणवता को बेहतरीन किया जायेगा।
- रास्तों में जहां-जहां आवश्यक होगा रेलिंग लगा कर सुरक्षा प्रदान की जाएगी।
- सोलन शहर के हर वार्ड के हर नाले को आगामी 5 वर्षो में पक्का कर दिया जाएगा और उन पर सड़क का निर्माण करेंगे।
- रेलवे से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

- सोलन शहर के हर मोहल्ले को एम्बुलैंस रोड़ से जोडा जाएगा।
- बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के लिए बैठने हेतु बैंच लगाए जाएंगे।
- हर घर से कूड़ा-कचरा एकत्रित किया जाएगा व उसका सम्पूर्ण निस्तारण किया जाएगा।
- कूड़े कचरे का Disposal विश्व की नवीनतम तकनीक से किया जायेगा।
- नई सड़कों का निर्माण करते हुए सड़कों पर दबाव को कम किया जाएगा।
- हर घर को पक्के रास्तों से जोडा जाएगा।
- नगर निगम में सम्मिलित नए ग्रामीण क्षेत्रों के सम्पूर्ण विकास के लिए योजना बनाकर वहां पर रास्ते, नाले, स्ट्रीट लाईट, सीवरेज व कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था की जाएगी।
- नए सम्मिलित ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीण अधिकारों को सुरक्षित रखा जाएगा।
- ऐसा नगर बनाया जाएगा जहां रोजगार के हजारों अवसर उपलब्ध हो।
- सामाजिक संस्थाओं के लिए हर प्रकार का सहयोग उपलब्ध करवाते हुए समाज के विकास में योगदान देंगे।
- युवाओं के विकास में सम्पूर्ण भागीदारी करने के लिए Free WiFi Areas बनाएंगे।
- Indoor Stadium का निर्माण करेंगे।
- अनेक स्थानों पर open Air Gym बनाएंगे।
- सभी वार्डों में पार्कों का निर्माण करेंगे।
- एक बड़े खेल मैदान का और विकास करेंगे ताकि ठोडो मैदान पर दबाव कम हो सके व अनेक छोटे मैदान बना कर युवाओं को अवसर प्रदान करेंगे।
- महिलाओं को स्वाबलम्बी बनाने के लिए व रोजगार सृजन के लिए व्यवस्थाएं जुटाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए प्राथमिकताओं का निर्धारण करेंगे। रास्तों पर रेलिंग लगाना, बैंच लगाना, आपातकालीन सुविधाओं के लिए विशेष व्यवस्था करना जैसे कार्यों को करने का संकल्प लेते हैं।
- महिला सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होगी।
- अनेक स्थानों पर सुरक्षित सैर गाह बनाई जाएगी।
- नगर में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाएगा।
- Local Bus Service, Local Transportation को सुधारा जायेगा व इसे पर्यावरण के अनुकूल बनाया जायेगा।
- बडी सड़कों के साथ पैदल आवागमन के पथ बनाये जाएंगे। जैसा कि पुराना DC office से शामती तक
- रेहड़ी फडी लगाने वाले भाई बहनों के लिए सम्पूर्ण एवं सुरक्षित सम्मान जनक रोजगार व्यवस्था की जाएगी।
- आवारा कुतों की नसबन्दी करते हुए उनकी संख्या पर पूर्ण नियंत्रण किया जाएगा।
- बन्दरों की नसबन्दी करते हुए उन पर पूर्ण नियंत्रण किया जाएगा।
- सोलन शहर में अनेक स्थानों पर सामुदायिक टायलैटस व जन सुविधाओं का निर्माण करेंगे।
- शहर के विभिन्न स्थानों पर बैठने के लिए सुन्दर Covered स्थल बनाएंगे
- शहर को बिजली की तारों के जाल से छूटकारा दिलाया जाएगा।
- नक्शों को पास करने के लिए शतप्रतिशत Online प्रणाली अपनाई जाएगी व इसे निश्चित समय अवधि में पास किया जायेगा।

## शुद्ध जल व्यवस्थाः

प्रतिदिन सोलन शहर को एक लाख गैलन पानी की आवश्यकता है जो अश्वनी खड्ड और गिरी नदी के ऊपर स्थित पानी की योजना पर आधारित योजना से आपूर्ति की जाती है। इस जल योजना से शुद्ध और पूर्ण जल मिले इसके लिएः-

1.अश्वनी खड्ड के पानी को पराबैगनी प्रकाश (UV light) के जरिये शुद्ध किया जाएगा।

2.गिरी नदी के पानी में बरसात में जो गाद आ जाती है उसे Percolation well से उठाया जाएगा।

3.एक नई समानांतर उठाऊ पाइप को लगाया जाएगा।

4.धारों की धार में भंडारण टैंक को रिसाव रहित बनाया जाएगा उपरोक्त सभी व्यवस्थाओं को भाजपा सरकार द्वारा 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

5.कसौली विधानसभा क्षेत्र के लिए करोड़ों की स्कीम घोषित हुई है जिसके क्रियान्वन के पश्चात परवाणू और जाबली क्षेत्र को जाने वाले पानी पर रोक लगेगी और सोलन शहर को अतिरिक्त पानी मिलेगा।

6. सोलन के पानी के वितरण की पाइपें बहुत पुरानी हो चुकी है इसमें रिसाव अत्यधिक होता रहता है इसे बदला जाएगा।

7. हर क्षेत्र का अपना भंडारण टैंक हो इसके लिए निम्न जगहों को चिन्हित किया जाएगा जैसें:

8. दिऊँघाट में IPH Tank site

9. Old ADM Residence

10. जवाहर पार्क/Old Tank site

11. चिल्ड्रन पार्क

12. New Circuit House

13. HPSEB के Rest House के उपर (कथेड़)

14-Police Ground

## स्वच्छता अभियान कूड़ा निष्पादनः

1.घर-घर कूड़ा इक्टठा करने को और सुदृढ़ बनाया जाएगा। कूड़ा इक्टठा करने वाले कर्मचारियों की संख्या को दो गुना किया जाएगा।

2.कूड़ा नियंत्रण यंत्र : सभी वार्डो से कूड़ा इक्टठा कर उसे बड़ा प्लांट लगाकर निष्पादन किया जाएगा इसके लिए भाजपा सरकार द्वारा 1.40 करोड़ स्वीकृत कर दिए गये हैं। कूड़ा एकत्र करने को निःशुल्क किया जा सकता है।

## सीवरेज प्रणाली और रसोई अपशिष्ट

सोलन को severage की दृष्टि से तीन खण्डों में बांटा गया। A.B.C. इन तीनो खंडों में से खंड (B) में लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चूका है। शेष बची योजना को पूरा करने के लिए लगभग 77 करोड़ की योजना सरकार के समक्ष भेजी हुई है जिसे जल्द ही मंजूर करवाया जाएगा।

## स्वास्थ्य योजना

सोलन अस्पताल को 5 डॉक्टर और 15 para-medical staff नए दिए गए हैं जिनकी नियुक्ति जल्द की जायेगी डॉक्टरों की संख्या 32 हो जाएगी जिससे अस्पताल में मरीजों का फायदा होगा। भविष्य में 40 चिकित्सकों के साथ पूर्ण पैरा मैडिकल स्टाफ लगाकर सम्पूर्ण 300 बैड का अस्पताल चलाने की योजना है।

1. CT Scan हेतु 3 करोड़ रूपये और Digital Radiography हेतु 35 लाख रूपये भाजपा सरकार द्वारा उपलब्ध करा दिए गए हैं।
2. स्वास्थ्य सेवाओं का विकेंद्रीकरण : आयुर्वैदिक अस्पताल रबौन और ESI चम्बाघाट में MD डॉक्टर के बैठने की व्यवस्था की जायेगी, वरिष्ठ नागरिकों को प्रथमिकता दी जाएगी।
3. सोलन अस्पताल को दी गई 78 बीघा जमीन पर Super Speciality Hospital बनाने के प्रयास जारी रहेंग, इस लिए 10 करोड़ दिए गये हैं।
4. स्वास्थ्य सुविधाओं की वृद्धि करते हुए Urban Health Centres खोले जाएंगे।

## सड़कों और एम्बुलेंस रोड़ की सुविधाः-

1. हर वार्ड में 2-3 ऐसे मोहल्ले चिन्हित किये जाएंगे जिन्हें एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके जो रोड़ संकरे है उन्हें चौड़ा करने का प्रयास किया जाएगा।
2. शिल्ली बाईपास रोड़ : जौनाजी से आने वाले यातायात सीधे सलोगड़ा निकले इसके लिए गाँवों के बीच से रोड़ का सर्वे किया जाएगा।

## पार्किंगः

1. पार्किंग के लिए भाजपा सरकार द्वारा 2 करोड़ स्वीकृत किए जा चुके हैं।
2. प्रत्येक वार्ड में 1-2 पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर पार्किंग बनाई जाएगी।
3. मुख्य पार्किंग पुराना बस अड्डा।
4. दुर्गा क्लब।
5. टैंक रोड।
6. बाईपास पर जल्दी ही कार्य शुरू होगा।

- e-library की सुविधा प्रदान की करेंगे
- संवेदनशील स्थानों पर सी.सी. टी.वी. कैमरे लगाए जाएंगे।
- शामती बाईपास का उद्घाटन 30 जून 2021 को किया जाएगा

## सामुदायिक केंद्र का निर्माणः

अनेक स्थानों पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया जायेगा ताकि सभी वरिष्ठ नागरिक इसका फायदा उठा सके।

## पार्कों का नवीनीकरणः

सभी पार्कों का नवीनीकरण किया जाएगा, जिसमें मुख्यतः जवाहर पार्क, चिल्ड्रन पार्क, मोहन पार्क और सनी साइड पार्क शामिल है। इन सभी पार्कों में खुला जिम की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## Free Wi-Fi योजनाः

शहर के कुछ चिन्हित क्षेत्रों को फ्री वाई फाई सेवा दी जाएगी।

## तारों के जाल से मुक्तिः

बिजली और टेलीफोन की तारों के जाल से शहर को मुक्त करवाया जाएगा, HPSEB को इसके लिए विशेष योजना बनाने के आदेश दिए जाएंगे।

## खेल मैदान एवं सभागार सुविधा

1. ठोडो मैदान और पुलिस मैदान महीने में 25 दिन विशेष तौर पर खेल के लिए उपलब्ध रहेंगे। इन मैदानों का प्राकृतिक सौंदर्यीकरण किया जाएगा।
2. इंडोर स्टेडियम : ठोडो मैदान के पूर्वी दिशा में इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा जिसमें सभी तरह के इंडोर खेल खेलने की व्यवस्था होगी इसके लिए भाजपा सरकार द्वारा 10 करोड का प्रवाधान किया गया है।
3. गलानग गाँव में Asian Development Bank की सहायता से एक बड़ा मैदान बनाने का प्रयास किया जायेगा।
4. कोठों में बन रहे सभागार को जल्द जनता के लिए उपलब्ध करवाया जाएगा।
5. शहीद स्मारक का निर्माण जल्द किया जाएगा, इसके लिए बाई पास पर जमीन चिन्हित कर दी गई है।
6. नए जिलाधीश कार्यालय के प्रांगण में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा जल्द स्थापित की जाएगी।

## शहरी योजनाः

1.निगम द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं को 6 महीने में ऑनलाइन कर समय अवधि में सुविधाएं प्रदान की जायेगी। पानी, कूड़े के बिल और सभी तरह के नक्शों को ऑनलाइन कर दिया जायेगा।

2.नक्शों को कुल्लू नगर परिषद के नियमों के आधार पर पास करने के लिए अधिसूचना करवा दी जाएगी जिसके अन्तर्गत सीढ़ी को FAR में नही जोड़ा जायेगा और पार्किंग फलोर की उंचाई 3 मीटर की जाएगी।

3.नगर निगम की शिकायत निवारण प्रणाली (Grievance Redressal System) को सुदृढ़ किया जायेगा।

## हेरिटेज सेंटर का निर्माणः

1.बड़ोग रेलवे स्टेशन को सड़क से जोड़ा जायेगा।

2.मोहन हेरिटेज पार्क व जटोली मंदिर के लिए विशेष बस सर्विस का प्रबन्ध किया जायेगा।

3.करोल का टिब्बा, धारों की धार व गोरखों का किला के लिए विशेष यातायात सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी।

## प्रधानमंत्री आवास योजनाः

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्रमबद्ध तरीके से गरीबों को आवास आबंटित किये जाएंगे।

## मुख्यमंत्री शहरी आजीविका गारंटी योजना : 2021

इस योजना को क्रियान्वित किया जायेगा जिसके तहत हर घर को 120 दिन की गारंटीकृत मजदूरी रोजगार प्रदान करेगी। साथ ही कौशल विकास की सुविधा प्रदान की जाएगी और जो कौशल विकास कर लेंगे उन्हें अपना उद्यम खोलने के लिए कम ब्याज में लोन की सुविधा प्रदान की जाएगी।

## सोलन में 24X7 गुणवता और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति

सोलन टाउन और आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए 24X7_विश्वसनीय, गुणवता और बिना रूकावट बिजली, टेक्नोलॉजी के आधार पर मौजुदा पॉवर नेटवर्क को मजबूती के लिए निम्नलिखित योजनाओं का मंजूरी/कार्यान्वयन के तहत दिए गए हैः-

1. सोलन टाउन के लिए एक योजना 24x7 स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियों के कार्यान्वयन के माध्यम से गुणवता और विश्वसनीय बिजली की उपलब्धता के लिए प्रकल्प तैयार किया जा रहा है, जिसमें स्मार्ट मींटरिंग का कार्यन्वयन, वैकल्पिक बिजली स्त्रोंतों के साथ ऊर्जा प्रदान करने के लिए स्वचालित प्रणाली, सौन्दर्यीकरण और सुरक्षा पहलू को ध्यान में रखते हुए शहर में विभिन्न स्थानों पर भूमिगत तार, विद्युत वाहन चार्जिंग स्टेशन और उपभोक्ता शिकायतों पर नियंत्रण के लिए SCADA आधारित नियंत्रण केन्द्र शामिल होंगे।

2. शामती में नए 33/11 के0वी0, 2x6-3 MVA सबस्टेशन की योजना को HPSEBL द्वारा लगभग 7 करोड़ की अनुमानित लागत के साथ अनुमोदित किया गया है जो विशेष रूप से सोलन शहर के शामती/कोटलानाला और आस पास के क्षेत्रों की ऊर्जा की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केन्द्रित होगा।

3. सपरून में 33/11 के0वी0, 2x6-3 MVA सब स्टेशन के 6.3 MVA क्षमता से 12.6 MVA क्षमता के Augmentation की योजना को मंजूरी दी गई है, इसमें आंजी, सपरून, बड़ोग, हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में विश्वसनीय बिजली आपूर्ति को पूरा करने में मदद मिलेगी। कार्य 2021 दिसम्बर तक 2 करोड़ की अनुमानित लागत से पूरा किया जाएगा।

4. नए कनैक्शन के लिए उपभोक्ताओं द्वारा आनलाइन आवेदन की व्यवस्था HPSEBL द्वारा पहले ही शुरू की गई है। इससे उपभोक्ताओं को नए कनैक्शन लेने में मदद मिलेगी। कनैक्शन में नाम परिवर्तन, मौजूदा कनैक्शन में लोड का विस्तार आदि आॅनलाइन किसी भी परेशानी के बिना किया जाएगा।

# विकास किया है, विकास करेंगे।

# झूठे वादे नहीं करेंगे।

## जारीकर्ताः-

## भाजपा नगर निगम सोलन चुनाव समिति

मुद्रकः उदय राज एड्र्वटाईजरस, प्रतिलिपि- 500